# जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कुल्लू की विश्राम गृह निधि के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2014 से 3/2015

## भाग–एक

### 1 गत अंकेक्षण

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के पैरों की नवीनतम स्थिति निम्न प्रकार से है।

**अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2005 से 3/2008**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा संख्या 5 | निर्णीत | (अभिलेख की जांच के उपरान्त) |

**अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2010 से 3/2012**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा संख्या 6 | निर्णीत | (अभिलेख की जांच के उपरान्त) |

**अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2012 से 3/2014**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा संख्या 3 | निर्णीत | (रसीद संख्या 0074539 दिनांक 9.4.2015 द्वारा जमा) |
| 2 | पैरा 4 | निर्णीत | (पुनः प्रारूपित) |
| 3 | पैरा 5 | निर्णीत | |

## भाग–दो

### 2 वर्तमान अंकेक्षण

जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कुल्लू हिमाचल प्रदेश की विश्राम गृह निधि के अवधि 4/2014 से 3/2015 के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण, जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दिए गए हैं, श्री विकास धवन, अनुभाग अधिकारी (ले0प0) द्वारा दिनांक 21.1.2016 को किया गया। आय की विस्तृत जांच हेतु माह 5/2014 व व्यय की विस्तृत जांच हेतु माह 5/2014 का चयन किया गया।

वर्तमान अंकेक्षण जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, कुल्लू द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेखों के आधार पर किया गया है। उक्त संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी भी गलत सूचना एवं सूचना उपलब्ध न करवाने के लिए स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

अंकेक्षण अवधि में Sh. Siddhartha Acharya (Assistant Commissioner) कुल्लू जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कुल्लू के प्रभारी के रूप में कार्यरत रहे।

### 3 अंकेक्षण शुल्क

जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कुल्लू की विश्राम गृह निधि ने अवधि 4/2014 से 3/2015 के लेखाओं के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क का आंकलन ₹1000 किया गया है। उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश शिमला–9 को रेखाकित बैंक

ड्राफ्ट के माध्यम से भेजने हेतु अनुभाग अधिकारी (ले0प0) की अधियाचना संख्या VD(211)/2016–11, दिनांक 22.1.2016 द्वारा उप–निर्देशक, जिला सैनिक बोर्ड, कुल्लू से अनुरोध किया गया।

## 4 वित्तीय स्थिति

जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कुल्लू द्वारा प्रस्तुत संस्था की विश्राम गृह निधि की अवधि 4/2014 से 3/2015 के लेखाओं की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "क"** पर भी दिया गया है।

| Year | Openning | Income | Intt. | Total | Exp. | Closing |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2014–15 | 123284.30 | 303044.00 | 6971.00 | 433299.30 | 209338.00 | 223961.30 |
| | | Bank A/C 10792147425 = | | 223961.30 | | |

## 5 निदेशक सैनिक कल्याण बोर्ड हमीरपुर से प्राप्त अनुदान की ₹100000 को खर्च न करने बारे

विश्राम गृह निधि के लेखाओं की जांच करने पर पाया गया कि विश्राम गृह की विशेष मुरम्मत व रख–रखाव के लिए निदेशक सैनिक कल्याण बोर्ड हमीरपुर हिमाचल प्रदेश से निम्न विवरणानुसार प्राप्त अनुदान की ₹100000 को खर्च नहीं किया गया है।

| वर्ष | निदेशक से प्राप्त राशि | रोकड़ वही पृष्ठ सं0 | विश्राम गृह केलांग को हस्तांतरित राशि | विश्राम गृह कुल्लू में शेष राशि |
|---|---|---|---|---|
| 2013–14 | 100000 | 102 | 50000 | 50000 |
| 2014–15 | 100000 | 124 | 50000 | 50000 |
| | | | **कुल** | **100000** |

अतः उक्त अनुदान की राशि को जिस उदेश्य हेतु प्राप्त किया गया है, उसे उस उदेश्य हेतु ही खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 6 E.C.H.S क्लीनिक से भवन का किराया देरी से प्राप्त करने बारे

विश्राम गृह निधि लेखाओं की जांच करने पर पाया गया कि E.C.H.S क्लीनिक से वर्ष 2014–15 के भवन के वार्षिक किराये की ₹98976 बैंक ड्राफ्ट संख्याः 753239, दिनांक 31.12.2015 द्वारा दिनांक 20.1.2016 को प्राप्त की गई। इस प्रकार संस्था द्वारा वर्ष 2014–15 का भवन का किराया देरी से प्राप्त करने से ब्याज के रूप में प्राप्त होने वाली आय से वंचित रहना पड़ा। यदि भवन का किराया मासिक आधार पर प्राप्त कर लिया जाता तो ब्याज के रूप में अधिक आय अर्जित की जा सकती है। अतः परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में भवन का किराया मासिक आधार पर वसूला जाना सुनिश्चित किया जाए।

**7 क्रय की गई वस्तुओं की स्टॉक प्रविष्टियां अनुचित रूप से करना**

विश्राम गृह निधि से क्रय की गई वस्तुओं को उपयोग्य एवं अनुपयोग्य रजिस्टरों में अलग–अलग से दर्ज न करके एक ही रजिस्टर में विभिन्न वस्तुओं की स्टॉक प्रविष्टियां की गई हैं, जोकि इस सन्दर्भ में विहित प्रक्रियानुसार अनुचित है। अतः Consumable व Non Consumable वस्तुओं हेतु पृथक–पृथक रजिस्टर तैयार किए जाने सुनिश्चित किए जाएं तथा Consumbale वस्तुओं का खपत का विवरण भी तिथिवार दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस सन्दर्भ में अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दर्शाई जाए।

**8 लघु आपत्ति विवरणी :–** यह अलग से जारी नहीं की गई है।

**9 निष्कर्ष :–** स्टॉक रजिस्टर के रख–रखाव में सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता/–
उप निदेशक
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009

पृष्ठांकन सं0 : फिन (एल0ए0)एच0(2)c(15)xiv 107/87 खण्ड–II–3050–3053 दिनांक,01.06.2015 शिमला–171009

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :–

**पंजीकृत** 1 उप निदेशक जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कुल्लू हि0प्र0 को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर इस विभाग को एक माह के भीतर प्रेषित करें।

2 निदेशक राज्य कल्याण निदेशालय हमीरपुर हि0प्र0।

हस्ता/–
उप निदेशक
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009